# भारत-सिंगापुर संबंध

## प्रिलिम्स के लिये:

भारत और सिंगापुर, मलक्का जलडमरूमध्य, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA), SIMBEX, डिजिटल कॉमर्स के लिये भारत का खुला नेटवर्क (ONDC)

## मेन्स के लिये:

भारत और सिंगापुर संबं

## चर्चा में क्यों?

भारत के केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने हाल ही में मौजूदा संबंधों को मज़बूत करने और शिक्षा एवं कौशल विकास में द्विपक्षीय जुड़ाव को व्यापक बनाने के अवसरों की तलाश के उद्देश्य से सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की।

## बैठक की मुख्य विशेषताएँ:

- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सिंगापुर** सरकार के विभिन्न प्रमुख मंत्रियों से मुलाकात की और स्पेक्ट्रा सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया।
  - इसमें सहयोग को मज़बूत करने और **कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर डीपीएम एवं वित्त मंत्री, सिंगापुर के साथ एक रचनात्मक बैठक** शामिल है।
  - बैठक में जीवनपर्यंत शिक्षण के अवसर पैदा करने, **भविष्य के लिये तैयार कार्यबल के निर्माण और ज्ञान एवं कौशल विकास को रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ बनाने** पर ज़ोर दिया गया।
- केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 पर प्रकाश डाला और व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण की बाजार प्रासंगिकता और उच्च शिक्षा योग्यता ढाँचे के साथ कौशल योग्यता ढाँचे के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया।
- मंत्री ने सिंगापुर की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने, सहयोग करने और भारतीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिये इसे अनुकूलित करने पर ज़ोर दिया।

## सिंगापुर के साथ भारत के संबंध:

- पृष्ठभूमि:
  - भारत और सिंगापुर के बीच घनिष्ठ संबंधों का इतिहास है जो एक सहस्राब्दी के मज़बूत वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में निहित है।
  - आधुनिक संबंधों का श्रेय सर स्टैमफोर्ड रैफल्स को दिया जाता है, जिन्होंने वर्ष 1819 में मलक्का जलडमरूमध्य के मार्ग पर सिंगापुर में एक व्यापारिक केंद्र की स्थापना की, जो बाद में एक क्राउन कॉलोनी बन गई और वर्ष 1867 तक कोलकाता से शासित हुआ।
    - **स्वतंत्रता के बाद भारत, वर्ष 1965 में सिंगापुर को मान्यता देने वाले** पहले देशों में से एक था।
- **व्यापार और आर्थिक सहयोग:**
  - **सिंगापुर, आसियान में भारत के सबसे बड़े व्यापार और निवेश भागीदारों में से एक है** तथा वर्ष 2021-22 में यह आसियान के साथ भारत के कुल व्यापार का 27.3% था।
    - सिंगापुर, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भी प्रमुख स्रोत है। पिछले 20 वर्षों में सिंगापुर से भारत में किया गया कुल निवेश लगभग 136.653 बिलियन डॉलर है और यह **कुल FDI प्रवाह का लगभग 23%** है।
  - **भारत और सिंगापुर के मध्य वर्ष 2005 में** व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
    - भारत और सिंगापुर ने व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिये **भारत-सिंगापुर बिज़नेस फोरम तथा भारत-सिंगापुर सीईओ फोरम** जैसी कई पहलों पर भी सहयोग किया है।
  - हाल ही में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और सिंगापुर के PayNow को **फरवरी 2023 में दोनों देशों के बीच तेज़ी से प्रेषण को सक्षम करने के लिये एकीकृत** किया गया है।
- **रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग:**

- दोनों देश [हिंद-प्रशांत क्षेत्र] में क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएँ साझा करते हैं।
    - वर्ष 2015 में राजनयिक संबंधों की स्थापना की **50वीं वर्षगाँठ के अवसर पर** उन्होंने **अपने संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत** किया।
- उन्होंने **रक्षा सहयोग समझौता- 2003** और **नौसेना सहयोग समझौता- 2017**, जैसे अपने रक्षा संबंधों को मज़बूत करने के लिये कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।
    - **सैन्य अभ्यास:**
        - नौसेना: **SIMBEX**
        - वायु सेना: **SINDEX**
        - थल सेना: **बोल्ड कुरुक्षेत्र**
- **शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग:**
    - DST-CII **भारत-सिंगापुर प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन** का 28वाँ संस्करण फरवरी 2022 में आयोजित किया गया था।
        - इसमें **AI, IoT, फिनटेक, हेल्थकेयर, बायोटेक, स्मार्ट विनिर्माण, ग्रीन मोबिलिटी, लॉजिस्टिक और रसद आपूर्ति समाधान, स्मार्ट विनिर्माण तथा सतत् शहरी विकास** में भारत एवं सिंगापुर के सहयोग को भी दर्शाया गया है।
    - **ISRO** ने वर्ष 2011 में **सिंगापुर का पहला स्वदेश निर्मित माइक्रो-सैटेलाइट** भी प्रमोचित किया था।
    - सिंगापुर '**आधार**' जैसी राष्ट्रीय पहचान प्रणाली की तर्ज पर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग करने पर विचार कर रहा है।
        - एक और संभावित अवसर यह है कि सिंगापुर के **'प्रॉक्सटेरा'** (MSME पारिस्थितिकी तंत्र का वैश्विक डिजिटल केंद्र) का भारत के **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC)** के साथ एकीकरण हो सकता है
- **सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंध:** दोनों देश सांस्कृतिक विविधता, भाषायी संबंध और धार्मिक सद्भाव की समृद्ध विरासत साझा करते हैं।
    - सिंगापुर में 3.9 मिलियन की निवासी आबादी में भारतीय लगभग 9.1% या लगभग 3.5 लाख हैं। उन्होंने सिंगापुर के आर्थिक विकास, सामाजिक ताने-बाने और सांस्कृतिक विविधता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।
    - **आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस (PBD)** सिंगापुर में 6-7 जनवरी, 2018 को **आसियान-भारत साझेदारी के 25 वर्ष** पूरे होने के उपलक्ष्य में **"प्राचीन मार्ग, नई यात्रा"** विषय के साथ आयोजित किया गया था।
- **अवसंरचना विकास में सहयोग:**
    - अवसंरचना विकास, स्मार्ट शहरों और शहरी नियोजन में सिंगापुर की विशेषज्ञता भारत के **सतत् विकास एवं** स्मार्ट शहरों **के निर्माण** के लक्ष्यों के अनुरूप है।
        - सिंगापुर की कंपनियाँ भारत में **औद्योगिक पार्कों, हवाई अड्डों और शहरी अवसंरचना के विकास** सहित बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रही हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2009)**

| **संगठन** | **मुख्यालय स्थान** |
| --- | --- |
| 1. एशियाई विकास बैंक : | टोक्यो |
| 2. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग: | सिंगापुर |
| 3. दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन: | बैंकॉक |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 3

**उत्तर: (B)**

---

**प्रश्न. दक्षिण-पूर्वी एशिया में दक्षिण से उत्तर की ओर जाने पर नीचे दिये गए नगरों का सही स्थितिक्रम क्या है? (2014)**

1. बैंकॉक
2. हनोई
3. जकार्ता
4. सिंगापुर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(A) 4 - 2 - 1 - 3
(B) 3 - 2 - 4 - 1
(C) 3 - 4 - 1 - 2
(D) 4 - 3 - 2 - 1

**उत्तर: (C)**

## स्रोत: पी. आई. बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-singapore-ties